<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 17 नवम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने दिल्ली के लाल किला कार विस्फोट मामले में आत्मघाती हमलावर उमर नबी के प्रमुख सहयोगी को किया गिरफ्तार। एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड–एटीएस ने लखनऊ में इसी मामले के दो संदिग्धों को हिरासत में लिया।
- केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी के बलिदान दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल । रक्षामंत्री ने कहा– महाराजा बिजली पासी का लखनऊ में बनेगा भव्य स्मारक।
- सोनभद्र खदान दुर्घटना मामले में बचाव अभियान जारी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत, करीब एक दर्जन से अधिक मजदूरों के फंसे होने की है आशंका।
- ग्रेटर नोएडा में विश्व कप मुक्केबाजी प्रतियोगिता के मुकाबले शुरू। अठारह देशों के 130 मुक्केबाज ले रहे हैं हिस्सा।

**********

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने दिल्ली के लाल किला कार विस्फोट मामले में दिल्ली से ही आमिर राशिद अली नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कश्मीर के रहने वाले आमिर राशिद पर आत्मघाती हमलावर उमर नबी के साथ मिलकर इस आतंकी हमले की साजिश रचने का आरोप है। इस हमले में दस निर्दोष लोगों की जान चली गई थी और लगभग पचीस लोग घायल हो गए थे। एनआईए ने कहा कि हमले में शामिल कार आमिर के नाम पर पंजीकृत थी। आतंकवाद–रोधी एजेंसी ने नबी का एक और वाहन भी जब्त किया है। मामले में सबूतों के लिए वाहन की जांच की जा रही है।

दिल्ली बम विस्फोट के मामले में देश के अन्य राज्यों से भी संदिग्ध लोगों पर कार्रवाई जारी है। कल एण्टी टेररिस्ट स्क्वॉड–एटीएस ने लखनऊ में पारा क्षेत्र के कुन्दन विहार से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। हमारे लखनऊ प्रतिनिधि ने बताया कि इससे पहले एटीएस लखनऊ के मड़ियांव, कैसरबाग और अन्य इलाकों में भी गहन छापेमारी कर चुकी है।

**********

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऊदा देवी ने अपने अदम्य साहस और पराक्रम से न केवल अंग्रेजों को धूल चटाई बल्कि राष्ट्र प्रेम का ऐसा मानक स्थापित किया जो अनंतकाल तक भारत के हर नागरिक को प्रेरित करता रहेगा। श्री सिंह ने कहा कि लखनऊ में महाराजा बिजली पासी का भव्य स्मारक बनाया जायेगा।

**हमारी सरकार ने ऐसे गुमनाम नायकों को भी सामने लाने का कार्य किया है जिनके योगदान में स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा देने में बहुत ही अहम भूमिका निभाई। उनके बलिदान और संघर्ष को याद करना और सम्मान देना मैं मानता हूं कि हमारा और आपका सभी का यह कर्तव्य बनता है और इसी क्रम में बहराइच में महाराजा सुहेलदेव जी का भव्य स्मारक भी बनाया गया। ऐसा ही भव्य स्मारक महाराजा बिजली पासी का लखनऊ में भी बनने जा रहा है।**

समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरांगना ऊदा देवी को नमन करते हुए कहा कि ऊदा देवी न केवल नारी जाति के लिये बल्कि हर हिन्दुस्तानी के लिए एक प्रेरणा हैं।

**उन्होंने विदेशी हुकूमत की चूलों को हिराने के लिए और उनके अत्याचार का जवाब देने के लिए कहते हैं कि 16 नवंबर 1857 को लखनऊ के सिकंदर बाग में पीपल के ब्रेक पर चढ़कर उन्होंने 36 अंग्रेज सैनिकों को ढेर करने का काम किया था और उनका नाम भारत के इतिहास में अमर हुआ है। यानी वीरांगना ऊदा देवी का यह बलदान हमें इस बात की प्रेरणा देता है कि अन्याय बड़ा हो प्रतिरोध उससे भी बड़ा होना चाहिए।**

समारोह को केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी सम्बोधित किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ दस दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर 'उत्तराखण्ड दर्पण दो हजार पचीस' स्मारिका का विमोचन भी हुआ। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 'उत्तराखण्ड महोत्सव' हमारी लोक–परंपरा और लोक–संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का माध्यम है।

**हमने भक्ति और शक्ति का समन्वय उत्तराखण्ड में उसी प्रकार से किया है जैसे राजस्थान की धरती ने कर के दिखाया है। ये समन्वय वहीं रूप देखने को मिलता है हमको और आज भी मां गंगा, मां यमुना, सरयू जी, शारदा नदी सभी को उसी क्षेत्र से होकर के उत्तर प्रदेश होकर के यहां की भूमि को उपजाऊ करते हुए यहां की धरती से सोना उगलने का काम भी पवित्र नदियों के माध्यम से ही हो पाता है। देश की सुरक्षा के लिये अपनी जवानी लगाने वाला उत्तराखड का नौजवान और अमृत तुल्य जल देने वाली मां गंगा, मां यमुना, मां सरयू जैसी पवित्र नदियां ये हमारे उत्तराखण्ड और उसी क्षेत्र से आने वाली उन पवित्र नदियों से ही हमे आगे बढ़ मिलने को प्राप्त होती है।**

कार्यक्रम के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की लोक–परंपरा और लोक–संस्कृति को समेकित रूप से एकजुट कर आगे बढ़ाने से इसका लाभ देश को प्राप्त होगा, यही 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की अभिव्यक्ति है।

**********

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कल लखनऊ विश्वविद्यालय में दिव्य कला मेले में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केन्द्र सरकार कई योजनाएं चला रही है। यह मेला तेईस नवम्बर तक चलेगा। मेले में अठारह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग सौ दिव्यांग कारीगर, कलाकार और उद्यमी अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

**********

मथुरा में राष्ट्रीय लोकदल के अधिवेशन में कल पार्टी अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जयन्त चौधरी को सर्वसम्मति से अगले तीन साल के लिए फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। अधिवेशन में सरकार द्वारा चलाये जा रहे आर्थिक सुधार कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई।

**********

सोनभद्र खदान दुर्घटना मामले में बचाव अभियान जारी है। शनिवार को दोपहर बाद खदान धंसने से वहां करीब एक दर्जन से ज्यादा मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। पुलिस ने इस मामले में खदान के पट्टाधारक और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की बचाव टीमें युद्धस्तर पर काम कर रही हैं। सोनभद्र के जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि करीब सत्तर से पचहत्तर टन भारी चट्टान के हटने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

**********

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश के लोकतंत्र में प्रेस की अहम भूमिका है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कल नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में श्री वैष्णव ने प्रेस की विश्वसनीयता बढ़ाने और भ्रामक खबरों से निपटने पर विशेष जोर दिया। श्री वैष्णव ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में काम करने की आवश्यकता बताई।

**डिजिटल इंडिया की एक्यूरेसी पर करेक्ट इंर्फोमेशन पर वैरिफिकेशन करने के मेथड पे इन सब के ध्यान देने की जरूरत है और विशेषकर ए. आई. के उपयोग से जो लोग मिसइंर्फोमेशन स्प्रेड कर रहे हैं, उनका किस तरह से हम काउंटर करें।**

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से विशेष सघन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान में मतदाताओं की मदद के लिए सभी जिलों में हेल्पडेस्क बनाने के निर्देश दिये गये हैं। यह हेल्पडेस्क ब्लॉक स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में बनाये जायेंगे।

**********

गौतमबुद्ध नगर जिले में ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में विश्व कप मुक्केबाजी फाइनल्स के मुकाबले कल से शुरू हो गये। प्रतियोगिता के पहले मैच के दौरान अड़तालीस किलोग्राम भार वर्ग में भारत की मीनाक्षी ने कजाकिस्तान की बोलत अकबोटा को हरा दिया। चौवन किलोग्राम भार वर्ग के एक अन्य मैच में पोलैंड की विक्टोरिया बीटा ने यूक्रेन की स्ताकीविच इना को शिकस्त दे दी। प्रतियोगिता में 18 देशों के एक सौ तीस मुक्केबाज बीस श्रेणियों में मुकाबला करेंगे।

**********

मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में बाइस नवम्बर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार आज से चार पांच दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की मामूली बढ़ोत्तरी होने की भी संभावना है।

**********